कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज।

प्रेस विज्ञप्ति

15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के छात्र/छात्राओं एवं जनसामान्य के वैक्सीनेशन हेतु मेगा कैम्प का आयोजन

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आज दिनांक 11.01.2022 को संगम सभागार में आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के कम में कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जनपद के 21 माध्यमिक विद्यालयों में मेगा वैक्सीनेशन कैम्प दिनांक 12.01.2022 व 13.01.2022 को लगाया जायेगा। जिसमें सम्बन्धित विद्यालय के साथ ही आस–पास के विद्यालयों में अध्ययनरत 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के छात्र/छात्राओं के साथ ही समस्त आयु वर्ग के जनसामान्य को भी वैक्सीन की प्रथम डोज लगायी जायेगी।

अतः छात्र/छात्राओं एवं जनसामान्य से अनुरोध है कि आप मेगा वैक्सीनेशन कैम्प में पहुँच कर वैक्सीन की प्रथम डोज लगवाने का कष्ट करें। जिससे कोरोना वायरस के विरुद्ध संचालित वैक्सीनेशन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

क0	विद्यालय का नाम	क0	विद्यालय का नाम
1	सेन्ट जोसेफ स्कूल ऐण्ड कॉलेज प्रयागराज	12	बी0बी0एस0 इण्टरनेशनल इ0का0 गोहरी प्रयागराज
2	सेन्ट मैरीज कानवेंट गर्ल्स इ0का0 प्रयागराज	13	बी0बी0एस0 इ0का0 कादिलपुर, प्रयागराज
3	ब्वायज हाईस्कूल प्रयागराज	14	राजकीय इ0का0 प्रयागराज
4	गर्ल्स हाईस्कूल प्रयागराज	15	बी0बी0एस0 इ0का0 शिवकुटी, प्रयागराज
5	विशप जॉनसन स्कूल ऐण्ड कॉलेज प्रयागराज	16	ऐंग्लो बंगाली इ0का0 प्रयागराज
6	सेन्ट जोसेफ स्कूल ऐण्ड कॉलेज नैनी, प्रयागराज	17	सेन्ट एनीनी गर्ल्स इ0का0 प्रयागराज
7	सेन्ट जॉन्स एकेडमी नैनी प्रयागराज	18	शिवचरण दास कन्हैयालाल इ0का0 अतरसुइया, प्रयागराज
8	पतंजलि ऋषिकुल स्कूल तेलियरगंज प्रयागराज	19	इलाहाबाद इ0का0 प्रयागराज
9	एम0पी0वी0एम0 गंगागुरुकुलम् गददोपुर, प्रयागराज	20	सरस्वती बाल मंदिर इ0का0चकदाउद नगर नैनी, प्रयागराज
10	बेथनी कानवेंट स्कूल ऐण्ड कॉलेज नैनी, प्रयागराज	21	बाल विकास इ0का0 चकराना तिवारी नैनी, प्रयागराज
11	महाप्रभु पब्लिक इ0का0 शिवकुटी, प्रयागराज		

11.01.2022
(आर0एन0 विश्वकर्मा)
जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज।

पृ0सं0/ 11435–40 /2021–22 दिनांक: 11.01.2022

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज।
2. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
3. मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रयागराज।
4. जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति जनपद में प्रकाशित समाचार पत्रों के आगामी अंक में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय जनपद–प्रयागराज को इस निर्देश के साथ कि आप सूची के अनुसार अपने विद्यालय में अध्ययनरत 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त छात्र/छात्राओं को वैक्सीनेशन हेतु निर्धारित तिथि को ससमय विद्यालय बुलाकर शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराना सुनिश्चित करें।
6. माननीय मुख्य सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, आज, आई–नेक्स्ट, कॉम्पैक्ट को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

01.2022
(आर0एन0 विश्वकर्मा)
जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज।